तारकिशोर प्रसाद
उप मुख्यमंत्री
बिहार

बिहार सरकार

पुराना सचिवालय,
पटना - 800015
Old Secretariat
Patna-800015
0612-2217894 (का०)
0612-2217398 (आ०)
0612-2217639 (फैक्स)

पत्रांक 600 दिनांक 19.03.21

प्रिय श्री नीतीश मिश्रा जी

आपका पत्रांक-110/2021 दिनांक-09.03.21 प्राप्त हुआ। आपके पत्र पर आवश्यक कार्रवाई हेतु इस कार्यालय के पत्रांक सं0-553, दिनांक-13.03.2021 द्वारा प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को भेज दिया गया है।

शुभकामनाओं सहित,

भवदीय

(तारकिशोर प्रसाद)

सेवा में,

श्री नीतीश मिश्रा,
पूर्व मंत्री -सह- स0वि0स0
112, कौटिल्य नगर, पटना-800014

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 110/2021
Dt- 09-03-2021

आदरणीय उप मुख्यमंत्री महोदय,

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर नगर पंचायत में अवस्थित कमला नदी के तट पर रिवर फ्रंट बनाने के संबंध में।**

मिथिला की ह्रदयस्थली मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर में **कमला नदी के तट को रिवर फ्रंट** का रूप दिया जाये तो एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है। पोरबंदर से सिलचर (ईस्ट वेस्ट कोरीडोर) के मध्य एन.एच–57 पर स्थित झंझारपुर में कमला नदी की अनुपम छटा देखते बनती है। प्रायः हर पर्व में इस प्राकृतिक सौन्दर्य को देखने के लिए दूर–दूर से लोगो का आना–जाना लगा रहता है। धार्मिक रूप से कार्तिक पूर्णिमा के दिन यहाँ मेला के सदृश हजारों–हजार व्यक्ति स्नान करने आते हैं।

रेल मंत्रालय ने झंझारपुर क्षेत्र में रेलवे की योजनाओं को पूर्णरूपेण साकार कर एक नया आयाम दिया है, जो कि आवागमन का मुख्य साधन है। झंझारपुर से कोशी महासेतु की दूरी 40 किलो मीटर है। ज्ञात हो कि वर्ष 2020 के सितम्बर माह में माननीय प्रधानमंत्री महोदय के द्वारा कोशी महासेतु का लोकार्पण भी किया गया है।

अयाची एवं वाचस्पति की तपोभूमि में कमला नदी निरंतर अपनी खुबसुरती के लिए प्रसिद्ध है। झंझारपुर में कमला नदी पर रिवर फ्रंट से मिथिला को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने का एक मुकाम मिल जायेगा। यहाँ कमला नदी किनारे घाटों का निर्माण होगा, अनेकों पार्क बनेंगे, रंग–बिरंगे फुल अपनी छटा बिखेरेंगे एवं नौनिहाल बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त सुविधा मिलेगी।

कमला नदी का एक किनारा परतापुर में पड़ता है जो झंझारपुर नगर पंचायत का हिस्सा है। इस पर बना रिवर फ्रंट देश–विदेश के पर्यटन सैलानियों के आकर्षण का एक प्रमुख केन्द्र बन सकता है, साथ ही मिथिला में रोजगार का एक नया अवसर भी प्रदान करेगा।

अतएव अनुरोध है कि ''आत्मनिर्भर बिहार'' बनने की दिशा में झंझारपुर नगर पंचायत में कमला नदी पर रिवर फ्रंट का निर्माण कराने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

सादर,

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 9.3.21

सेवा में,

श्री तारकिशोर प्रसाद जी,
माननीय उप मुख्यमंत्री
सह मंत्री,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in